भारत नेट/नेशनल ब्रॉडबैण्ड मिशन की समीक्षा के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के ग्राम तथा हेमलेट के मास्टर डाटा में विसंगतियों को दूर किए जाने के संबंध में प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 14-01-2021 को योजना भवन के कक्ष संख्या 211 में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त :

बैठक में दूर संचार विभाग, भारत सरकार, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, यू0पी0 डेस्को, यू0पी0एल0सी0, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, सी एस सी-एस पी वी, आदि के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के ग्राम तथा हेमलेट के मास्टर डाटा में विसंगतियों के संबंध में विस्तृत विचार-मिर्श हुआ। बैठक में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा एजेण्डा के बिन्दुओं के संबंध में बिन्दुवार निम्न निर्देश दिये गये:

1. ग्रामों की कुल संख्या में विसंगति:- रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर को निर्देश दिया गया कि वे इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए ग्रामों की कुल संख्या में विसंगति को दूर करें तथा दूर संचार विभाग, भारत सरकार, लखनऊ को अवगत करायें।
2. अपूर्ण ग्राम पंचायत कोड तथा ग्राम पंचायत नाम के संबंध में:- दूरसंचार विभाग को निर्देश दिया गया कि जिन ग्रामों के संबंधित ग्राम पंचायतों के कोड तथा नाम अंकित नहीं है, की सूची उनके द्वारा पंचायती राज विभाग को उपलब्ध करा दी जाए। पंचायती राज विभाग उन ग्राम पंचायतों के कोड तथा नाम अंकित करते हुए सूची संचार विभाग, भारत सरकार, लखनऊ को दिनांक 21.01.2021 तक उपलब्ध करायें।
3. छूटे हुए सेन्सस ग्राम ( Missing Census Village): प्रमुख सचिव महोदय द्वारा रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर को निर्देश दिया गया कि वे इस संबंध में निदेशक, जनगणना से सम्पर्क करके जनगणना, 2011 की सूची तथा जनगणना, 2011 के मैप की परस्पर सिंगति दूर करवाते हुए 08 छूटे हुए सेन्सस ग्राम का डाटा दूरसंचार विभाग को उपलब्ध करायें।
4. ग्राम जिनमें जनपद कोड अंकित नहीं है:- इस संबंध में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर को निर्देश दिया गया कि उनके द्वारा निदेशक जनगणना से सम्पर्क करके 04 जनपदों (अमेठी, हापुड, शामली तथा सम्भल) के जनपद कोड प्राप्त करते हुए मास्टर डाटा में अंकित करके दूरसंचार विभाग को उपलब्ध करायें।
5. हेमलेट से संबंधित सम्पूर्ण सूचना:- रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर द्वारा अवगत कराया गया है कि हेमलेट से संबंधित सम्पूर्ण एवं स्पष्ट सूचना उनके पास उपलब्ध नहीं है। प्रमुख सचिव महोदय ने निर्देश दिए कि इस संबंध में वांछित विवरण/डाटा उपलब्ध कराये जाने हेतु आमागी बैठक में ग्राम्य विकास विभाग निदेशक जनगणना तथा राजस्व विभाग को भी प्रतिभाग किए जाने हेतु आमंत्रित किया जाय।

एजेण्डा के अतिरिक्त बिन्दु में वांछित ग्राम निर्देशिका (Village Directory) तैयार किए जाने के संबंध में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि पंचायती राज विभाग पंचायत सेक्रेटरी, ग्राम प्रधान के वांछित सम्पर्क विवरण (नाम तथा मोबाइल न0) दूर संचार विभाग लखनऊ को उपलब्ध करायें। ऑगनबाडी एवं ग्राम सेवक आदि के विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग तथा राजस्व विभाग को अगली बैठक में प्रतिभाग किए जाने हेतु आमंत्रित जाए।

अमोद कुमार
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-4
संख्या- 911/35-4-2020
लखनऊ: दिनांक 21 जनवरी, ,2021

प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव,
आई0टी0एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उ0प्र0 शासन।
2- प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ।
3- निदेशक, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, लखनऊ।
4- सलाहकार/Sr. DG of DoT of the U.P, (EAST) & UP (WEST) LSAs,
दूर संचार विभाग, भारत सरकार।
5- निदेशक, दूर संचार विभाग, भारत सरकार, लखनऊ।
6- सीएससी- एसपीवी, लखनऊ।
7- प्रबंधक निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
8- राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन आईसी।
9- सेंटर फॉर ई-गवर्नेन्स, लखनऊ ।

आज्ञा से,

(ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी)
विशेष सचिव